POLICE COMMISSIONERATE

GAUTAM BUDH NAGAR

सराहनीय कार्य /प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 17.04.2025

1. थाना फेस-1 पुलिस व मोबाइल फोन स्नैचर/बाइक चोर बदमाश के बीच हुयी मुठभेड के सम्बन्ध में-

घटना व कार्यवाही का विवरण-- दिनांक **17.04.2025** को **थाना फेस-1** पुलिस द्वारा सेक्टर-15ए के पीछे गंदे नाले को जाने वाली सड़क पर चेकिंग की जा रही थी, तभी सेक्टर-16 की तरफ़ से 01 व्यक्ति मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया जिसे रूकने का इशारा करने पर उक्त व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल को वापस पीछे मोड़कर सेक्टर-16 की तरफ जाने वाले गंदे नाले की पटरी पर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर उपरोक्त व्यक्ति की मोटरसाइकिल फिसलकर गिर गई जिसपर उसके द्वारा भागने के प्रयास के क्रम में पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी कार्यवाही में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया जिसकी पहचान मनीष कुमार पुत्र स्व0 सुदामा निवासी ग्राम सनवरिया, थाना नवानगर, जिला बक्सर, बिहार वर्तमान पता नया बास सेक्टर-16, थाना फेस-1, के रूप में हुयी है। बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा मय एक जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस, चोरी/लूट के 02 मोबाइल फोन, लूटे गये मोबाइल फोन को बेचने से प्राप्त कुल 1500 रूपये व 01 चोरी की मोटरसाइकिल स्पलेण्डर रजि0नं0 डीएल 6 एस.ए.जी 9643 बरामद हुई है, जिसके सम्बन्ध मे थाना शकरपुर ईस्ट दिल्ली पर मुकदमा पंजीकृत है। बरामद रूपये छीने गए फ़ोन को बेचने से प्राप्त है, जिसके सम्बन्ध मे थाना फेस-1 नोएडा पर मु0अ0सं0 144/2025 धारा 304 बीएनएस पंजीकृत है। घायल बदमाश को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। बदमाश के अन्य अपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही।

अपराधिक इतिहास का विवरण--

1. मु0अ0स0 01/2024 धारा 3/25 ए.एक्ट थाना सेक्टर-24, नोएडा।
2. मु0अ0स0 287/2021 धारा 188/269/270 भादवि व 3 महामारी अधि0 थाना सेक्टर-24, नोएडा।
3. मु0अ0स0 293/2021 धारा 380/411 भादवि थाना सेक्टर-24, नोएडा।
4. मु0अ0स0 294/2021 धारा 380/411 भादवि थाना सेक्टर-24, नोएडा।
5. मु0अ0स0 404/2023 धारा 4/25 ए.एक्ट थाना सेक्टर-24, नोएडा
6. मु0अ0स0 422/2024 धारा 60 आबकारी अधिनियम थाना सेक्टर-24, नोएडा।
7. मु0अ0स0 553/2024 धारा 3/25 ए.एक्ट थाना सेक्टर-24, नोएडा
8. मु0अ0स0 59/2022 धारा 380/411 भादवि थाना सेक्टर-63 नोएडा।